**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ...............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**D 0 9 1 5**

# PAPER - II
# EDUCATION

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.examrace.com

## EDUCATION

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** The study of philosophy should be considered important for prospective teachers because :

(1) Philosophy gives a broader perspective of educational issues and concepts.

(2) Philosophy helps in making a wise person.

(3) Philosophy brings clarity in educational concepts.

(4) Philosophy provides a framework for viewing educational problems in true perspective.

**2.** Which combination of teaching - learning strategy will be considered appropriate by a realist teacher ?

(a) Discovery learning (b) Lecturing

(c) Observation (d) Guided instruction

Choose the **correct** answer from the following :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (c)

(3) (a), (c) and (d) (4) (b), (c) and (d)

**3.** Which subjects of study will be emphasized by an Idealist teacher ?

(a) Science (b) Mathematics

(c) Literature (d) History and Culture

Choose the **correct** answer from the following :

(1) (a), (c) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (b) and (d)

**4.** Which philosophy favours the statement "Man is the measure of all things" ?

(1) Realism (2) Pragmatism (3) Idealism (4) Naturalism



www.examrace.com

## शिक्षा

### प्रश्न-पत्र - II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** दर्शनशास्त्र का अध्ययन भावी शिक्षकों के लिए महत्त्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि :

(1) दर्शनशास्त्र शैक्षणिक मुद्दों और अवधारणाओं के बारे में विस्तृत परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।

(2) दर्शनशास्त्र एक विवेकशील मनुष्य बनाने में मदद करता है।

(3) दर्शनशास्त्र शैक्षणिक अवधारणाओं में स्पष्टता लाता है।

(4) दर्शनशास्त्र शैक्षणिक समस्याओं को सही परिप्रेक्ष्य में देखने का ढाँचा उपलब्ध कराता है।

**2.** एक यथार्थवादी शिक्षक के अनुसार शिक्षण-अधिगम रणनीति की कौन-सी संगति उपयुक्त मानी जाती है?

(a) खोजपूर्ण अधिगम (b) व्याख्यान देना

(c) प्रेक्षण (d) अनुदेशित निर्देशन

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d) (2) (a), (b) और (c)

(3) (a), (c) और (d) (4) (b), (c) और (d)

**3.** एक विचारवादी शिक्षक द्वारा किन विषयों के अध्ययन पर बल दिया जाएगा?

(a) विज्ञान (b) गणित

(c) साहित्य (d) इतिहास और संस्कृति

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (c) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (b) और (d)

**4.** ''मनुष्य ही सभी वस्तुओं का निकष है'' इस कथन का समर्थन कौन-सा दर्शन करता है?

(1) यथार्थवाद (2) प्रयोजनवाद (3) विचारवाद (4) प्रकृतिवाद



www.examrace.com

5. In Jain epistemology which one is the basis for true knowledge ?

(1) Inductive reasoning (2) Deductive reasoning

(3) Dialectic reasoning (4) Naya based reasoning

6. A Vedantist teacher will teach the following :

(a) Maya (b) Science and Technology

(c) World History (d) Educational Technology

Choose the **correct** answer from the following :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (c) and (d) (4) (a), (b) and (d)

7. Which of the following thinkers does **not** give priority to modern science and technology in education ?

(1) Gandhi (2) Tagore (3) Aurobindo (4) Vivekananda

8. Sri Aurobindo's concept of supermind implies :

(a) Constant evolution of human mind (b) Synthesis of Sat, Chit and Anand

(c) Realizing self through Yoga (d) Attainment of perfect intuition

Choose the **correct** answer from the following :

(1) (a), (b) and (d) (2) (a), (b) and (c)

(3) (a), (b), (c) and (d) (4) (b), (c) and (d)

9. The true value of democratic education as per Indian Constitution lies in :

(1) Imparting education to all Indians

(2) Attaining 100% literacy in India

(3) Making all Indians good citizens of tomorrow

(4) Modernization and spiritualization of all Indians

10. The positive realists believe in :

(1) Absolute Values (2) Objective Values

(3) Emergent Values (4) Subjective Values



www.examrace.com

**5.** जैन ज्ञान मीमांसा में सही ज्ञान का एक आधार क्या है ?

(1) आगमनात्मक तर्क

(2) निगमनात्मक तर्क

(3) द्वंद्वात्मक तर्क

(4) नय आधारित तर्क

**6.** एक वेदान्ती शिक्षक निम्नलिखित में से किसका शिक्षण देगा ?

(a) माया

(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी

(c) विश्व इतिहास

(d) शैक्षणिक प्रौद्योगिकी

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d)

(2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (c) और (d)

(4) (a), (b) और (d)

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा विचारक शिक्षा में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता **नहीं** देता ?

(1) गाँधी (2) टैगोर (3) अरविन्द (4) विवेकानन्द

**8.** श्री अरविन्द की अतिमानस की अवधारणा का तात्पर्य है :

(a) मानव मस्तिष्क का निरन्तर विकास

(b) सत्, चित और आनन्द का संश्लेषण

(c) योग के माध्यम से स्वयं की अनुभूति

(d) पूर्ण अन्त:प्रज्ञा की प्राप्ति

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (d)

(2) (a), (b) और (c)

(3) (a), (b), (c) और (d)

(4) (b), (c) और (d)

**9.** भारतीय संविधान के अनुसार लोकतांत्रिक शिक्षा का वास्तविक मूल्य किसमें निहित है ?

(1) सभी भारतीयों को शिक्षा प्रदान करना

(2) भारत में 100% साक्षरता प्रदान करना

(3) सभी भारतीयों को कल का अच्छा नागरिक बनाना

(4) सभी भारतीयों का आधुनिकीकरण और आध्यात्मिकरण

**10.** विधेयात्मक सापेक्षवादी किसमें विश्वास करते हैं ?

(1) निरपेक्ष मूल्य

(2) वस्तुनिष्ठ मूल्य

(3) विकासशील मूल्य

(4) विषयनिष्ठ मूल्य



www.examrace.com

**11.** Which of the following statements is **not** correct ?

(1) Teachers act as one of the agent of Social Change

(2) Scientific and Technological advancement forms a basic feature of Social Progress

(3) As an agent of social progress teachers do influence the value system of the students

(4) Social change implies impact of scientific and technological advances

**12.** Match the main features of **List - I** with **List - II** and choose the correct answer using the codes given below :

| | **List - I** <br> **Main Features** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | A ritual hierarchy | (i) | Social system |
| (b) | Input in Human Capital | (ii) | Caste system |
| (c) | A body of reliable knowledge | (iii) | Economic system |
| (d) | Political parties etc. | (iv) | Scientific system |

Choose the **correct** answer :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**13.** Which of the following article of the Constitution of India is related to 'Promotion of educational interests of scheduled castes, scheduled tribes and other weaker sections' ?

(1) Article 14 (2) Article 45 (3) Article 46 (4) Article 30

**14.** In viewing education in the context of sociological perspective, which of the following statements is true ?

(1) Social emancipation cannot be considered a goal of education.

(2) Social development does not consider the importance of 'biological urges'.

(3) Interaction between School and Society affects the growth and development of the child.

(4) Classroom is the basic agency of socialization of the student.



www.examrace.com

11. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(1) शिक्षक सामाजिक परिवर्तन के एक संसाधक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

(2) वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रोन्नति सामाजिक प्रगति का मूलभूत लक्षण है।

(3) सामाजिक प्रगति के एक संसाधक के रूप में शिक्षक विद्यार्थियों की मूल्यव्यवस्था को आवश्यक रूप से प्रभावित करते हैं।

(4) सामाजिक परिवर्तन में वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रोन्नति का भाव निहित है।

12. **सूची - I** में दिए गए मुख्य लक्षणों का **सूची - II** से मिलान कीजिए तथा निम्नलिखित कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए।

| | **सूची - I** **मुख्य लक्षण** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | रूढ़िगत पदानुक्रम | (i) | सामाजिक व्यवस्था |
| (b) | मानव-सम्पदा में निवेश | (ii) | जाति व्यवस्था |
| (c) | विश्वसनीय ज्ञान निकाय | (iii) | आर्थिक व्यवस्था |
| (d) | राजनैतिक दल आदि | (iv) | वैज्ञानिक व्यवस्था |

**समुचित** उत्तर चुनिए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

13. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद 'अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य कमज़ोर वर्गों के शैक्षिक हितों की प्रोन्नति' से सम्बद्ध है ?

(1) अनुच्छेद 14 (2) अनुच्छेद 45 (3) अनुच्छेद 46 (4) अनुच्छेद 30

14. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शिक्षा के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में समुचित प्रतीत होता है ?

(1) सामाजिक विमुक्ति को शिक्षा के लक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

(2) सामाजिक विकास 'जैविक आवेगों' को महत्त्व नहीं देता।

(3) विद्यालय एवं समाज के बीच की अन्त:क्रिया बच्चे के वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करती है।

(4) कक्षागृह विद्यार्थी के समाजीकरण का एक आधारभूत साधन है।



www.examrace.com

15. Which of the following functions is **not** related to school as an agency of education ?

(1) Preserving knowledge, values, customs etc.

(2) Suggesting ways and means to social development

(3) Giving definite solutions to the social problems

(4) Socializing children for performing their future role

16. "Who is a parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years." Forms part of fundamental duties under Article 51 (A) of which amendment of the Constitution of India ?

(1) Eighty - Sixth Amendment (2) Forty - Second Amendment

(3) Forty - Fourth Amendment (4) Seventy - Fourth Amendment

17. Which of the following is essential component of 'Social Inclusion' ?

(1) Qualitative improvement in women education

(2) Every child deserves the same opportunities and experiences

(3) Liberal Policy of Merit Scholarship

(4) Special Schools for disadvantaged groups

18. Culture is a complex whole consisting of :

(a) Knowledge (b) Belief (c) Art (d) Morals (e) Law

(f) Custom

Choose the **correct** answer from the following :

(1) (a), (b), (d), (e)

(2) (a), (b), (c), (d), (e), (f)

(3) (b), (d), (f)

(4) (c), (d), (e), (f)

19. 'State Policy' regarding educational development of the disadvantaged group of the society refers to :

(1) Inclusive Development (2) Exclusive Development

(3) Gendered Development (4) Model Development



www.examrace.com

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार्य शिक्षा के साधन के रूप में विद्यालय से सम्बद्ध **नहीं** है?

(1) ज्ञान, मूल्यों, रीति-रिवाज़ों आदि का संरक्षण

(2) सामाजिक विकास हेतु मार्ग निर्देशन

(3) सामाजिक समस्याओं हेतु निश्चित समाधान

(4) भावी भूमिका को निभाने हेतु बच्चों का समाजीकरण

**16.** मौलिक कर्त्तव्यों के अन्तर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 (A) का निम्नलिखित कथन किस संशोधन से सम्बद्ध है?

''यदि माता-पिता या संरक्षक हैं, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करें।''

(1) 86 वाँ संशोधन (2) 42 वाँ संशोधन (3) 44 वाँ संशोधन (4) 74 वाँ संशोधन

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व 'सामाजिक-समावेशन' का आवश्यक अंग है?

(1) महिला शिक्षा में गुणात्मक सुधार

(2) प्रत्येक बच्चा समान अवसर एवं अनुभव पाने का हकदार है

(3) योग्यता आधारित छात्रवृत्ति हेतु उदारनीति

(4) वंचित समूहों हेतु विशिष्ट विद्यालय

**18.** संस्कृति निम्नलिखित तत्वों से संरचित एक जटिल 'सम्पूर्णता' है :

(a) ज्ञान (b) विश्वास (c) कला (d) नैतिकता (e) विधि (कानून)

(f) रीति-रिवाज़

निम्नलिखित में से **समुचित** उत्तर चुनिए :

(1) (a), (b), (d), (e) (2) (a), (b), (c), (d), (e), (f)

(3) (b), (d), (f) (4) (c), (d), (e), (f)

**19.** समाज के वंचित वर्ग हेतु शिक्षा-विकास संबंधी 'राज्य-नीति' का सम्बन्ध किससे है?

(1) समावेशी विकास (2) निवारक विकास

(3) लिङ्गाश्रित विकास (4) आदर्शात्मक विकास



www.examrace.com

**20.** Which of the following programmes is related to educational development of adolescent girls ?

(1) Sarva Shiksha Abhiyan (2) Kishori Shakti Vikas Yojana

(3) Adult Education Programme (4) Mahila Samakhya

**21.** Which of the following statements is **correct** with regard to growth and development ?

(1) Growth is psychological and development is physical

(2) Growth is physical while development is psychological

(3) Both growth and development are psychological

(4) Both growth and development are physical

**22.** Development of creative thinking begins at what stage ?

(1) Infancy (2) Childhood (3) Adolescence (4) Adulthood

**23.** Which stage of development is said to be overpowered with a tendency for 'hero worship' ?

(1) Early childhood (2) Later childhood

(3) Early adolescence (4) Later adolescence

**24.** Which of the areas individual difference is most important for organizing educational programmes effectively ?

(1) Physical features along with mental characteristics

(2) Social characteristics along with physical features

(3) Socio - emotional characteristics

(4) Socio - emotional and mental characteristics

**25.** According to Piaget, the most important cognitive outcome of the sensori-motor stage of development is :

(1) Object permanence (2) Identification

(3) Language (4) Reasoning



www.examrace.com

20. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम किशोर बालिकाओं के शैक्षिक-विकास से सम्बद्ध है?

(1) सर्व शिक्षा अभियान
(2) किशोरी शक्ति विकास योजना
(3) प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम
(4) महिला समाख्या

21. निम्नलिखित कथनों में से वृद्धि और विकास के बारे में कौन-सा कथन **सत्य** है?

(1) वृद्धि मनोवैज्ञानिक है और विकास भौतिक
(2) वृद्धि भौतिक है जबकि विकास मनोवैज्ञानिक
(3) वृद्धि और विकास दोनों मनोवैज्ञानिक हैं
(4) वृद्धि और विकास दोनों भौतिक हैं

22. किस चरण में रचनात्मक चिन्तन का विकास आरम्भ होता है?

(1) शैशवावस्था
(2) बाल्यावस्था
(3) किशोरावस्था
(4) वयस्कावस्था

23. विकास के किस चरण को 'नायक पूजा' की प्रवृत्ति का प्राचुर्य कहा जाता है?

(1) प्रारंभिक बाल्यावस्था
(2) उत्तर बाल्यावस्था
(3) प्रारंभिक किशोरावस्था
(4) उत्तर किशोरावस्था

24. शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से आयोजित करने के लिए व्यक्तिगत भिन्नता के कौन-से क्षेत्र सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं?

(1) शारीरिक विशेषताओं के साथ-साथ मानसिक विशेषताएँ
(2) सामाजिक विशेषताओं के साथ-साथ शारीरिक विशेषताएँ
(3) समाज-भावनात्मक विशेषताएँ
(4) समाज-भावनात्मक और मानसिक विशेषताएँ

25. पियाजे के अनुसार विकास के इन्द्रिय-गतिक चरण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक परिणाम क्या है?

(1) वस्तु स्थायित्व
(2) पहचान
(3) भाषा
(4) तर्क



www.examrace.com

**26.** Which one of the following concepts of intelligence uses associative thinking ?

(1) Academic intelligence (2) Emotional intelligence

(3) Spiritual intelligence (4) Numerical intelligence

**27.** In Gagne's hierarchy of learning which one of the following will **not** be included in rule learning ?

(1) Concept learning (2) Discrimination learning

(3) S R learning (4) Problem solving learning

**28.** Educational performance of a student is a function of :

(1) Ability and motivation (2) Motivation and social background

(3) Social background and parentage (4) Academic reputation of the school

**29.** In the process of classroom teaching and learning which of the following schedules of reinforcement may **not** be usually found ?

(1) Variable ratio schedule (2) Continuous schedule

(3) Interval schedule (4) Fixed interval schedule

**30.** Who in the following list of learning psychologists accepted 'Cathexis' as a form of learning ?

(1) Tolman (2) Kurt Lewin (3) Kohler (4) Piaget

**31.** The idea of 'Unconscious motivation' is one of the major contributions of the psychologist :

(1) Adler (2) Allport (3) Freud (4) Jung

**32.** An individual tends to show immature, self centred, seductive and attention getting behaviour. The type of personality implied here is :

(1) Antisocial personality (2) Histrionic personality

(3) Paranoid personality (4) Compulsive personality



www.examrace.com

26. निम्नांकित में से कौन-सा बुद्धि का सम्प्रत्यय, साहचर्यात्मक चिन्तन का प्रयोग करता है?

(1) शैक्षिक बुद्धि (2) भावात्मक बुद्धि

(3) आध्यात्मिक बुद्धि (4) संख्यात्मक बुद्धि

27. गैने के अधिगम अधिक्रम में नियम-अधिगम के अन्तर्गत किसे **नहीं** शामिल किया जाएगा?

(1) सम्प्रत्यय अधिगम (2) विभेदीकरण अधिगम

(3) उद्दीपक-अनुक्रिया (एस.आर.) अधिगम (4) समस्या-समाधान अधिगम

28. किसी विद्यार्थी का शैक्षिक निष्पादन प्रकार्य है :

(1) योग्यता एवं अभिप्रेरणा का (2) अभिप्रेरणा एवं सामाजिक पृष्ठभूमि का

(3) सामाजिक पृष्ठभूमि एवं माता-पिता का (4) विद्यालय की शैक्षिक ख्याति का

29. कक्षागत शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में निम्नांकित में से कौन-सी प्रबलन की अनुसूची आमतौर से **नहीं** पाई जाएगी?

(1) परिवर्ती अनुपात अनुसूची (2) अविराम अनुसूची

(3) अन्तराल अनुसूची (4) नियत अन्तराल अनुसूची

30. निम्नांकित अधिगम मनोवैज्ञानिकों की सूची में से किसने 'भावाभिनिवेश' को अधिगम का एक स्वरूप स्वीकार किया?

(1) टोलमैन (2) कुर्त लूविन (3) कोहलर (4) पियाजे

31. 'अचेतन अभिप्रेरण' का विचार किस मनोवैज्ञानिक का एक महत्त्वपूर्ण योगदान है?

(1) एड्लर (2) ऑलपोर्ट (3) फ्रॉयड (4) जंग

32. एक व्यक्ति अपरिपक्व, आत्मकेन्द्रित, विलोभित और ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार दर्शाता है। इस प्रकार के व्यक्तित्व को क्या कहते हैं?

(1) समाजविरोधी व्यक्तित्व (2) नाट्यपूर्ण व्यक्तित्व

(3) व्यामोहाभ व्यक्तित्व (4) बाध्यकारी व्यक्तित्व



www.examrace.com

**33.** Match the items of defense mechanism in **Set - I** with the characteristics listed in **Set - II** and select the appropriate code.

| **Set - I** (Defense mechanism) | | **Set - II** (Characteristics) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Compensation | (i) | A true motive which would arouse unbearable anxiety is converted into its opposite |
| (b) | Displacement | (ii) | Substitutes an acceptable conscious motive for an unacceptable unconscious motive |
| (c) | Regression | (iii) | Finds a substitute activity to satisfy a motive |
| (d) | Reaction formation | (iv) | Motive remains unaltered but the person substitutes a different goal object |
| | | (v) | Intensity of the anxiety is reduced by a retreat into earlier stage of development |
| | | (vi) | An active mental process of forgetting by taking refuge into unconscious |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (v) | (vi) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (4) | (v) | (iii) | (i) | (vi) |

**34.** A mentally healthy person will show which of the following behaviour ?

(1) Repenting over the mistakes committed by him/her

(2) Pointing out the mistakes of others

(3) Exploring means of correcting his/her mistakes

(4) Finding out weaknesses of others



www.examrace.com

33. **सेट - I** में दिए गए प्रतिरक्षा प्रक्रम की मदों को **सेट - II** में दिए गए लक्षणों से सुमेलित कीजिए और उपयुक्त कूट का चयन कीजिए।

| **सेट - I** | | **सेट - II** | |
|---|---|---|---|
| **( प्रतिरक्षा प्रक्रम )** | | **( लक्षण )** | |
| (a) | प्रतिकार | (i) | वास्तविक हेतु जो असह्य चिंता उत्पन्न कर उसे उसके विपरीत भाव में परिवर्तित कर देता है। |
| (b) | विस्थापन | (ii) | किसी स्वीकार्य चैतन्य हेतुक के स्थान पर अस्वीकार्य अचैतन्य हेतुक को प्रतिस्थापित करता है। |
| (c) | प्रतिगमन | (iii) | किसी हेतुक की संतुष्टि के लिए प्रतिस्थापन कार्यकलाप पा लेता है। |
| (d) | प्रतिक्रिया विधान | (iv) | हेतुक अपरिवर्तित रहता है परंतु व्यक्ति भिन्न लक्ष्यित उद्देश्य प्रतिस्थापित करता है। |
| | | (v) | उत्सुकता की गहनता को निर्लिप्तता में विकास अवस्था में पश्चगमन द्वारा कम किया जा सकता है। |
| | | (vi) | अचैतन्य का सहारा लेकर भूलने की सक्रिय मानसिक प्रक्रिया। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (v) | (vi) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (4) | (v) | (iii) | (i) | (vi) |

34. एक मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार दर्शाएगा ?

(1) उसके द्वारा की गई गलतियों पर पश्चाताप करना

(2) दूसरों की गलतियाँ निकालना

(3) अपनी गलतियों को सुधारने के लिए युक्तियों का पता लगाना

(4) दूसरों की कमज़ोरियों का पता लगाना



www.examrace.com

**35.** **Assertion (A)** : Distress usually accompanies abnormal behaviour patterns.

**Reason (R)** : Behaviour disorders are reflected in the reports of distress.

Which of the following options is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct reason of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct reason

(3) Both **(A)** and **(R)** are false

(4) **(R)** is true but cannot be the reason for **(A)**

**36.** A teacher holds discussion with a student and enables him/her to select appropriate choice of subject at higher secondary stage. This type of guidance is called :

(1) Personal guidance (2) Vocational guidance

(3) Educational guidance (4) Psychological guidance

**37.** Importance of the subject, feasibility and time needed for the study, have essentially to be kept in mind at the time of :

(1) Collection of data (2) Selection of the problem

(3) Analysis of data (4) Writing the report

**38.** Questions like, "What data are to be collected ? What characteristics of data are relevant and needed to be studied ? What techniques are to be used for the purpose ?" Can be answered, if :

(1) Related literature is studied adequately

(2) Problem is defined properly

(3) Tools are constructed properly

(4) Data are organized properly



www.examrace.com

35. **अभिकथन (A)** : संकट के समय सामान्यत: असामान्य व्यवहार प्रतिरूप होता है।

**कारण (R)** : व्यवहार संबंधी व्यतिक्रम संकटकाल की रिपोर्टों में प्रतिबिम्बित होते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** का सही कारण नहीं है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, और **(R)** सही कारण है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों असत्य हैं।

(4) **(R)** सत्य है किन्तु यह **(A)** का कारण नहीं हो सकता है।

36. एक शिक्षक विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा आयोजित करता है और उन्हें शिक्षा के उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उपयुक्त विषय का चयन करने में समर्थ बनाता है। इस प्रकार के निर्देशन को कहा जाता है :

(1) वैयक्तिक निर्देशन (2) व्यवसायिक निर्देशन

(3) शैक्षणिक निर्देशन (4) मनोवैज्ञानिक निर्देशन

37. विषय का महत्त्व, व्यवहार्यता तथा अध्ययन के लिए आवश्यक समय को के समय ध्यान में रखना चाहिए।

(1) आँकड़ों के एकत्रण (2) समस्या के चयन

(3) आँकड़ों के विश्लेषण (4) रिपोर्ट लेखन

38. ''किन आँकड़ों को संग्रहीत किया जाना चाहिए? आँकड़ों की कौन-सी विशेषताएँ सुसंगत हैं और उनका अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है? इस उद्देश्य के लिए किन प्रविधियों का उपयोग किया जाए?'' ऐसे प्रश्नों के उत्तर दिए जा सकते हैं, यदि :

(1) संबंधित साहित्य का पर्याप्त अध्ययन किया जाता है।

(2) समस्या को समुचित रूप से परिभाषित किया जाता है।

(3) उपकरणों की रचना समुचित रूप से की जाती है।

(4) आँकड़ों को समुचित रूप से व्यवस्थित किया जाता है।



www.examrace.com

**39.** A researcher is studying the effect of reinforcement on students' achievement with appropriate controls imposed in practical situation. What is the type of research in this situation ?

(1) Fundamental research
(2) Applied research
(3) Action research
(4) Both applied and action research

**40.** The dimensional sampling procedure is the same as :

(1) A further reinforcement of quota sampling
(2) Stage sampling
(3) Cluster sampling
(4) Purposive sampling

**41.** Interview is considered as the best tool in analysing the problem of a client because :

(1) It is very easy to conduct
(2) It will give first-hand information
(3) It will help for counselling
(4) It can be recorded easily

**42.** Triangulation is a method which involves the use of :

(1) Two research tools of identical types
(2) Two research tools yielding different outcomes
(3) Three research tools measuring different aspects
(4) Two or more than two research tools

**43.** Identify the **correct** order from the following steps involved in phenomenological approach of research.

(1) Illumination, explication, incubation, creative synthesis, immersion
(2) Explication, immersion, creative synthesis, incubation, illumination
(3) Incubation, illumination, immersion, creative synthesis, explication
(4) Immersion, incubation, illumination, explication, creative synthesis



www.examrace.com

**39.** एक अनुसंधानकर्ता व्यवहारिक स्थितियों में आरोपित उचित नियंत्रणों के साथ छात्रों की उपलब्धि पर पुनर्बलन के प्रभाव का अध्ययन कर रहा है। इस स्थिति में किए जाने वाले अनुसंधान को क्या कहते हैं?

(1) मौलिक अनुसंधान (2) व्यवहृत अनुसंधान

(3) क्रियात्मक अनुसंधान (4) दोनों व्यवहृत और क्रियात्मक अनुसंधान

**40.** विमात्मक प्रतिदर्शन की विधि किसके सदृश है?

(1) आनुपातिक प्रतिदर्शन का प्रबलित रूप (2) अवस्था प्रतिदर्शन

(3) गुच्छ प्रतिदर्शन (4) सोद्देश्य प्रतिदर्शन

**41.** साक्षात्कार को सेवार्थी की समस्या का विश्लेषण करने हेतु सर्वोत्तम साधन माना जाता है क्योंकि :

(1) इसे आयोजित करना अत्यन्त सरल है। (2) यह आरम्भिक जानकारी प्रदान करता है।

(3) यह परामर्श में मददगार होता है। (4) इसे आसानी से रिकार्ड किया जा सकता है।

**42.** त्रिभुजन एक पद्धति है जिसमें निम्नांकित में से किसका प्रयोग शामिल होता है?

(1) समान प्रकार के दो अनुसंधान उपकरणों का

(2) भिन्न परिणाम देने वाले दो अनुसंधान उपकरणों का

(3) विभिन्न पहलुओं को मापने वाले तीन अनुसंधान उपकरणों का

(4) दो या उससे ज्यादा अनुसंधान उपकरणों का

**43.** अनुसंधान के प्रघटनशास्त्रीय उपागम में शामिल निम्नलिखित चरणों के **सही** क्रम की पहचान करें।

(1) प्रदीप्ति, अर्थविश्लेषण, उद्‌भवन, रचनात्मक संश्लेषण, अंतर्वेशन

(2) अर्थविश्लेषण, अंतर्वेशन, रचनात्मक संश्लेषण, उद्‌भवन, प्रदीप्ति

(3) उद्‌भवन, प्रदीप्ति, अंतर्वेशन, रचनात्मक संश्लेषण, अर्थविश्लेषण

(4) अंतर्वेशन, उद्‌भवन, प्रदीप्ति, अर्थविश्लेषण, रचनात्मक संश्लेषण



www.examrace.com

44. An investigator intends to establish the relationship between educational status of mothers and academic achievement of students for coastal areas. Which of the following methods will be helpful in terms of research design ?

(1) Historical method (2) Experimental method

(3) Survey method (4) Ex Post Facto method

45. If in educational research, the average results of many similar studies are considered for explaining and summarizing, the procedure is known as :

(1) Ethnomethodology (2) Meta analysis

(3) Evaluation study (4) Analytical research

46. For estimating coefficient of correlation, in which of the following techniques, characteristics of both the variables are assumed to be essentially on a nominal scale with genuine dichotomy ?

(1) Bi - serial coefficient (2) Point - Bi - serial coefficient

(3) Tetrachoric coefficient (4) Phi - coefficient

47. An educational researcher wants to study the relationship between academic performance and motivation by keeping the effect of a third variable such as socio - economic status neutral. Which of the following technique of correlation will be appropriate in such a situation ?

(1) Contingency coefficient (2) Eta coefficient

(3) Multiple correlation (4) Partial correlation

48. In a research undertaken by a school teacher in respect of critical understanding of the students of his/her school, the following results were obtained :

Mean = 50

$\sigma = 10$

N = 100

Indicate the range of scores at alpha level 0.05 for finding the value of true mean for the population of such students in the whole district.

(1) From 50.1 to 52.2 (2) From 48.04 to 51.96

(3) From 47.42 to 52.58 (4) From 48.11 to 53.0



www.examrace.com

**44.** कोई अन्वेषक, तटवर्ती क्षेत्रों में माताओं की शैक्षणिक स्थिति और छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि के बीच संबंध स्थापित करना चाहता है। अनुसंधान अभिकल्प की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति सहायक होगी ?

(1) ऐतिहासिक पद्धति (2) प्रयोगात्मक पद्धति

(3) सर्वेक्षण पद्धति (4) कार्योत्तर पद्धति

**45.** यदि शैक्षणिक अनुसंधान में, व्याख्या और सारांश के लिए समान प्रकार के कई अध्ययनों के औसत परिणामों पर विचार किया जाता है तो इस प्रक्रिया को कहा जाता है :

(1) नृजाति-पद्धति (2) मेटा-विश्लेषण

(3) मूल्यांकन अध्ययन (4) विश्लेषणात्मक अनुसंधान

**46.** सह-सम्बन्ध गुणक आकलित करने हेतु निम्नांकित में से किस प्रविधि के लिए दोनों चरों की विशेषताओं को नामित मापनी के आधार पर वास्तविक द्वित्व की मान्यता आवश्यक होती है ?

(1) द्वि-पंक्तिक गुणक (2) बिन्दु-द्वि-पंक्तिक गुणक

(3) चतुष्कोटिक गुणक (4) फाई गुणक

**47.** एक शैक्षिक अनुसंधानकर्ता शैक्षिक निष्पादन एवं अभिप्रेरणा के मध्य संबंध देखने हेतु एक तीसरे चर जैसे सामाजिक-आर्थिक स्तर के प्रभाव को नगण्य बनाना चाहता है। ऐसी दशा में सह-सम्बन्ध की कौन-सी प्रविधि समीचीन होगी ?

(1) परस्पर निर्भरता (आसंग) गुणक (2) इटा गुणक

(3) बहु-चरीय सह-सम्बन्ध (4) आंशिक सह-सम्बन्ध

**48.** किसी विद्यालय के शिक्षक द्वारा अपने विद्यालय के छात्रों के आलोचनात्मक अवबोध के बारे में निम्नांकित परिणाम प्राप्त किए गए :

मध्यमान $=50$

प्रमाणिक विचलन $(\sigma)=10$

समूह की संख्या $(N)=100$

अल्फा स्तर 0.05 पर वास्तविक मध्यमान जो सम्पूर्ण जिले में ऐसे ही छात्रों के जनपदीय समग्र के लिए होगा, प्राप्तांकों का विस्तार बताइए।

(1) 50.1 से 52.2 तक (2) 48.04 से 51.96 तक

(3) 47.42 से 52.58 तक (4) 48.11 से 53.0 तक



www.examrace.com

**49.** In a normal distribution what is the position of the three measures of central tendency ?

(1) Mean is higher than median

(2) Median is lower than mode

(3) Both mean and median are higher than mode

(4) All the three measures coincide

**50.** Which of the following statements is **not** correct ?

(1) Correlation indicates causation or cause and effect relationship.

(2) In a negatively skewed curve the value of mean will be pulled towards the lower end of the scale.

(3) Chi-square test is a distribution free test.

(4) For computing Pearson's $\gamma$ the relationship between two variables have to be rectilinear.

- o 0 o -



www.examrace.com

49. सामान्य वितरण में तीनों केन्द्रवर्ती मानों की क्या स्थिति होती है?

(1) मध्यमान का मान मध्यांकमान से अधिक होता है।

(2) मध्यांकमान, बहुलांकमान से कम होता है।

(3) मध्यमान तथा मध्यांकमान दोनों बहुलांकमान से अधिक होते हैं।

(4) तीनों ही मान एक ही बिन्दु पर अवस्थित होते हैं।

50. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) सह-सम्बन्ध कारण-कार्य संबंध का परिसूचक है।

(2) नकारात्मक विषम्मिता की दशा में मध्यमान का मान मापनी के निचले छोर की ओर झुकेगा।

(3) काई-स्क्वेयर एक वितरण-मुक्त परीक्षण है।

(4) पीयर्सन की विधि से सह-सम्बन्ध आगणित करने हेतु दोनों चरों में सरल-रेखीयक सम्बन्ध होना आवश्यक है।

- o 0 o -



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com